दिनांकः 29.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि आधुनिक संसाधन और तकनीक की मदद से राज्य में अपराधों पर अंकुश लगाना है। उन्होंने कहा कि पुलिस यदि ठान ले कि कोई गलत काम नहीं होगा, तो प्रदेश से अपराध पूरी तरह खत्म हो जाएंगे। आज जयपुर में राज्य स्तरीय पुलिस अधिकारी कॉन्फ्रेंस के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने साइबर क्राइम को नियंत्रित करने पर जोर दिया। उन्होंने अवैध खनन गतिविधियों पर भी रोक लगाने के लिए ज्यादा सक्रिय होने को कहा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पहली बार आयोजित हो रही इस तरह की कॉन्फ्रेन्स के लिए पुलिस महानिदेशक, यू.आर. साहू को बधाई दी। 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस–द वे फॉरवर्ड' विषय पर आयोजित ये सम्मेलन दो दिन चलेगा। आज पहले दिन नए आपराधिक कानूनों पर विशेष सत्र रखा गया है। सम्मेलन के दौरान कुल बारह सत्र आयोजित किये जाएंगे। राज्य में बेहतर पुलिसिंग पर केन्द्रित मुद्दों पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और विषय विशेषज्ञ कई सत्रों में अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। इन सत्रों में विषय विशेषज्ञ भी अपने सुझाव देंगे। सम्मेलन के शुभारंभ समारोह में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, मुख्य सचिव सुधांश पंत और गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, पुलिस महानिदेशक, यू.आर. साहू सहित राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद हैं।

000

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद की जयंती आज राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि खेलों को समर्थन देने और युवाओं को ज्यादा से ज्यादा खेल और अन्य प्रतिभा प्रदर्शन में सहयोग देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय खेल दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश भारतीय हॉकी के खिलाडी मेजर ध्यानचन्द को आज श्रद्धा–सुमन अर्पित कर रहा है। उन्होंने कहा कि ये सभी खेलप्रेमी और देश के लिए खेलने वाले खिलाडियों की सराहना का अवसर है।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। राजधानी जयपुर में क्रीड़ा भारती ने फिट इंडिया हिट इंडिया का संदेश देते हुए सिटी पार्क में रैली निकाली। क्रीड़ा परिषद की ओर से विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान विश्वविद्यालय में भी कई खेल प्रतियोगिताएं हो रही हैं।

झुंझुनूं में खिलाड़ियों ने स्वर्ण जयंती स्टेडियम से प्रभात फेरी निकाली। इसके बाद स्टेडियम के सिंथेटिक ट्रेक पर दौड़ प्रतियोगिता हुई। वहीं बगड़ में हॉकी का मैच खेला गया। जिला खेल अधिकारी राजेश ओला ने बताया कि खेल सप्ताह के दौरान रोजाना अलग–अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। शाम को स्टेडियम में खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई जाएगी।

शाहपुरा जिले में खेल दिवस पर फूलियाकलां उपखण्ड मुख्यालय पर एक कार्यक्रम में हॉकी प्रेमियों ने मेजर ध्यानचन्द को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान हॉकी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। करौली में खेल सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आज जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने पुरस्कार दिये।

000

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने राज्य विधानसभा की छह खाली सीटों पर होने वाले उपचुनाव की अग्रिम तैयारियां समय से पहले सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। श्री महाजन ने कल जयपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से निर्वाचन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों के आवश्यकता के अनुसार गठन, नव–मतदाताओं का मतदाता सूचियों में पंजीकरण, उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने, बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांगों के लिए होम वोटिंग की सुविधा को अधिक व्यापक बनाने में कोई कसर नहीं छोडी जाए। श्री महाजन ने मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य में स्थानीय स्तर पर बीएलओ सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भी सावधानी बरतने के निर्देश दिये।

000

केन्द्र ने आईपीएस अधिकारी राजविंदर सिंह भट्टी को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–सीआईएसएफ का महानिदेशक नियुक्त किया है। वहीं, आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ का महानिदेशक बनाया गया है।

000